# शांति, सद्भाव व भाईचारे की भावना के साथ लड़ें चुनावः डॉ. मंजुला

## जनरल ऑब्जर्वर डॉ. मंजुला ने उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के साथ ली सभी प्रत्याशियों की बैठक, दिए उचित दिशानिर्देश

जगमार्ग न्यूज

सोनीपत। सोनीपत लोकसभा की जनरल ऑब्जर्वर डॉ. मंजुला ने कहा कि सभी लोकसभा प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए शांति, सद्भाव व भाईचारे की भावना के साथ चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रत्याशी चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा या किसी के चरित्र के बारे में कोई कमेंट न करें, ताकि चुनाव की मर्यादा बनी रहे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनरल ऑब्जर्वर डॉ. मंजुला ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के साथ सभी प्रत्याशियों की बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी चुनाव के दौरान किए जाने वाले हर खर्च का रिकॉर्ड रखें और उसे अपने खर्च रजिस्टर में अवश्य भरें ताकि जब आपको खर्च रजिस्टर चेक करवाने के लिए बुलाया जाए तो आपका रिकार्ड का सही मिलान हो सके। उन्होंने कहा



**लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दल व उनके प्रत्याशी हर खर्च का रखें रिकॉर्ड**

कि लोकसभा चुनाव के लिए सभी प्रत्याशी को अपना बैंक खाता खुलवाना होगा, जिसके माध्यम से वह चुनाव में विभिन्न कार्यों के लिए खर्च करेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए, सुविधा पोर्टल लांच किया हुआ है। इस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रत्याशी ऑनलाइन माध्यम से प्रचार-प्रसार में प्रयोग होने वाले वाहनों की अनुमति, लाउडस्पीकर के साथ और उसके बिना बैठक की अनुमति, अस्थायी आधार पर पार्टी कार्यालय खोलने की अनुमति, चुनाव एजेंट, पार्टी कार्यकर्ता तथा लाउडस्पीकर के साथ और उसके बिना चुनाव सामग्री वितरण करने के लिए, वाहन परमिट, लाउडस्पीकर के साथ और उसके बिना जुलूस निकालने की अनुमति, लाउडस्पीकर के साथ और उसके बिना नुक्कड़ सभा करने की अनुमति ले सकते हैं। चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार आवेदन करने वाले प्रत्याशी को 48 घंटे के अंदर अनुमति प्रदान कर दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान अगर कोई वाहन बिना अनुमति के पाया गया तो उसे तुरंत जब्त किया जाएगा और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसका खर्च संबंधित प्रत्याशी के खर्चे में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कोई भी प्रत्याशी अपनी प्रचार सामग्री सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की दीवार पर नहीं लगा सकता। इसके अलावा कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी रैली के लिए किसी भी स्कूल या कॉलेज के ग्राउंड का इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर प्रत्याशी कोई प्रचार सामग्री छपवाना चाहते हैं तो इसके लिए उसे एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई राजनीतिक दल या प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सी-विजिल ऐप पर शिकायत की जा सकती है। बैठक में पुलिस आयुक्त बी.सतीश बालन, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी मनवीर सिंह व गौरव राजपुरोहित, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अविजीत रक्षित, सीईओ जिला परिषद डॉ. सुशील, एसडीएम निर्मल नागर, श्वेता सुहाग, अमित कुमार, राकेश कुमार, मनीष फौगाट, हरीश, नगराधीश पूजा कुमारी, आरटीओ संजय कुमार, निगम संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीआरओ हरिओम अत्री सहित सभी संबंधित अधिकारी व लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशी मौजूद रहे।

## सोनीपत लोकसभा के लिए 22 प्रत्याशी लड़ेंगे लोकसभा चुनावः डॉ. मनोज कुमार

सोनीपत (जगमार्ग न्यूज )। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सोनीपत लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापिस लिया है, जिसके बाद अब सोनीपत लोकसभा के लिए 22 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि आज जिन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापिस लिया है उनमें फौजी जनता पार्टी से संतोष मलिक तथा आजाद उम्मीदवार दीपक व दीक्षित शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले 22 प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्हों की जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी से उम्मीदवार अनूप सिंह को चश्मा, बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार उमेश कुमार को हाथी, जननायक जनता पार्टी से उम्मीदवार भूपेंद्र सिंह मलिक को चाबी, भारतीय जनता पार्टी से उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी को हाथ, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से उम्मीदवार नरेश कश्यप को पानी का जहाज, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया( कॉम्युनिस्ट) पार्टी से उम्मीदवार बलबीर सिंह को बैटरी टार्च, समता पार्टी से उम्मीदवार राकेश को गैस सिलेंडर, राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी से उम्मीदवार राकेश धारीवाल को बिजली का खंभा, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया( डेमोक्रेटिक) पार्टी से उम्मीदवार राधे श्याम को स्कूल का बस्ता, राष्ट्रीय गरीब दल से उम्मीदवार सुनील कुमार को बल्लेबाज का चुनाव चिन्ह अलॉट किया गया है। इसी प्रकार आजाद उम्मीदवारों में अश्वनी को गैस का चूल्हा, डॉ. कमलेश कुमार सैनी को सेब, जगबीर को चक्की, निर्मल सिंह को बक्सा, रमेश को फूलगोभी, रोहतास को सीटी, संत धर्मबीर चोटीवाला को हीरा, संजय दास को नारियल फार्म, सतपाल को स्टम्प्स, गौभक्त सुमित लाठर को एअरकंडिशनर तथा सुरेंद्र सिंह को कुआं चुनाव चिन्ह अलॉट किया गया है।

# युवक को घर बुलाकर किया तेजधार हथियारों से हमला

अजय जैन



इसराना (जगमार्ग न्यूज)। मांडी गांव मे वीरवार सुबह पडोस के एक युवक को घर बुला कर एक परिवार के सदस्यों ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिस हादसे मे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रिंकू (28) पुत्र जगदीश निवासी मांडी के रूप मे हुई है। इस घटना से गांव मे सनसनी फैल गई और डर का माहौल है। गांव के ग्रामीणों ने युवक को खुन से लथपथ देख कर डायल 112 पुलिस को सुचना दी। सुचना मिलते ही डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल युवक को इसराना के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने युवक की हालत नाजुक होने के कारण पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। जहाँ युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। अभी तक किस मामले को लेकर युवक पर हमला हुआ पता नही चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पडोसियों ने बताया कि रिंकू पानीपत पुलिस लाइन के पास निर्माणधीन एक प्राईवेट अस्पताल मे रात की सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वीरवार सुबह नौ बजे वह डयुटी खत्म कर अपने घर मांडी आ रहा था। जब वह अपने घर की गली मे पहुंचा तो पडोस की एक युवती ने उसे किसी काम के लिए अपने घर के अंदर बुलाया लिया। घर के अंदर जाते ही परिवार के सदस्यों ने युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पडोसियों ने बताया कि रिंकू छह भाई-बहनों मे से सबसे छोटा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसराना थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि घायल के परिवार के किसी भी सदस्य ने लिखित मे शिकायत नही दी है। घायल का उपचार पीजीआई रोहतक मे चल रहा है। मामला प्रेम प्रंसग से जुडा भी हो सकता है।

# ब्रह्म चैतन्य साधना शिविर में उत्साह पूर्वक हिस्सा ले रहे हैं देश-विदेश से पहुंचे साधक

जगमार्ग न्यूज

सोनीपत। सोनीपत जिले के दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में सात दिवसीय ब्रह्म चैतन्य साधना शिविर का भव्य आयोजन किया गया है। साधना शिविर में देश-विदेश से पहुंचे साधक उत्साहपूर्वक विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों में शिरकत कर रहे हैं। इस मंदिर का स्थापना दिवस मनाने के साथ ही चार सौ से अधिक साधकों ने बुधवार को उल्लासपूर्वक मां अमृत प्रिया का जन्मदिन भी मनाया।

दीपालपुर गांव में हरे-भरे खेतों के बीच बने श्री रजनीश ध्यान मंदिर को साधकों ने आकर्षक तरीके से सजाया। इस मौके पर स्वामी आनंद स्वभाव ने ओशो डायनेमिक मेडिटेशन का संचालन किया। इस ध्यान विधि में अवचेतन मन के भीतर छुपे हुए दमित विचारों एवं भावों का विसर्जन किया जाता है ताकि व्यक्ति शांत होकर ध्यान में डूब सके। मां मोक्ष संगीता ने ओशो की नाद-ब्रह्म ध्यान विधि सिखाई और उससे संबंधित वीडियो प्रवचन



**ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर, दीपालपुर में सात दिवसीय ब्रह्म चैतन्य साधना शिविर का किया गया है भव्य आयोजन**

भी दिखाया। इस विधि से परमात्मा के ओंकारमय संगीत को सुना जाता है। दोपहर के सत्र में ओशो के अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती जिज्ञासुओं के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें चक्र साउंड ध्यान पद्धति सिखाई। उन्होंने कहा कि सद्गुरु ओशो के अनुसार सभी चक्रों का सुचारू रूप से जागृत होना आवश्यक है ताकि मनुष्य के भीतर अखंडता और समग्रता का विकास हो। इसके बाद स्वामी मस्तो बाबा ने ओशो की एक विशेष विधि कुंडलिनी ध्यान संचालित की जिसमें सभी साधक-साधिकाएं अपनी जीवन-ऊर्जा को जागृत करके समाधि में डूबते हैं। शाम के समय पंजाब के प्रसिद्ध सूफी गायक स्वामी अनहद जोत की टीम ने सूफी कलाम पेश कर आनंद-उत्साहपूर्ण माहौल बना दिया। सभी लोगों ने गीत-संगीत के संग भावविभोर होकर खूब नृत्य किया। अंत में मां अमृत प्रिया ने आशीष वचन कहते हुए एक छोटी सी बोध कथा के माध्यम से ओशो की शिक्षा का सारांश समझाया। मेक्रो विजन अकादमी की संस्थापिका मां प्रेम मंजूषा ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। ब्रह्म चैतन्य साधना शिविर रविवार को संपन्न होगा।

## जंगल में लगी आग पहुंची तुड़े के कूप पर, 20 एकड़ का तुड़ा हुआ राख



मतलौडा (जगमार्ग न्यूज)। खंड के गांव वेसर के खेतों के पास बिजली के शार्ट सर्किट से जंगल में आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग की चिंगारी उड़ कर एक किला दूर तुड़े के कूपों में जा लगी। आग की सुचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई और फायर बिर्गेड को आग की सुचना दी गई। पानीपत से फायरबैर्गेड की 3 गाड़ियों ने मौके पर पहुँच काबू पाया। सुनील वासी वेसर ने बताया की उसने लगभग 15 एकड़ के फाने लेकर खेत में तुड़े के कूप लगाए हुए थे। गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे खेत से एक एकड़ दूर जंगल में बिजली के शॉर्टसर्किट से आग लग गई। आग की सुचना मिलते ही उन्होंने ट्रैक्टर से खेत को जोतना शुरू कर दिया ताकि आग उनके तुड़े के कूपों तक न पहुंच पाए लेकिन हवा तेज होने के कर आग की चिंगारी उड़ कर तुड़े के कूपों में जा लगी। आस पास काम कर रहे लोगों व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। लेकिन हवा तेज होने के कारण कामयाब नहीं हुए। पानीपत से फायर बिर्गेड की पहुंची 3 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सुनील ने बताया की आग से उसका लगभग 20 एकड़ का तूड़ा खराब हो गया। जिसका लगभग डेढ़ लाख रूपये का नुकसान हो गया।

## ठगी के आरोपी को हरिद्वार से प्रोडक्शन वारंट पर लाई पुलिस

समालखा (जगमार्ग न्यूज)। समालखा अनाज मंडी में दुकान पर बैठे बुजुर्ग को सम्मोहित कर हाथ से सोने का कड़ा उतरवा कर फरार होने वाले आरोपी को थाना समालखा पुलिस बुधवार को उत्तराखंड की हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान राजेश निवासी कैथल के रूप में हुई। आरोपी ठगी के अन्य मामले में उत्तराखंड की हरिद्वार जेल में बंद था। आरोपी के खिलाफ करनाल, फतेहाबाद व उत्तराखंड के हरिद्वार में ठगी की वारदातों के आधा दर्जन के करीब अभियोग दर्ज है। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा पुलिस बुधवार को आरोपी राजेश को हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने समालखा काठ मंडी में घी, चीनी की एक दुकान पर बैठे बुजुर्ग को बातों में उलझाकर देखने के लिए उसके हाथ से सोने कड़ा निकलवाया और उसे लेकर फरार हो गया था। आरोपी ने बुजुर्ग से ठगे सोने के कड़े को बाद में तुड़वाकर दो कड़े बनवा लिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के दोनों कड़े बरामद कर वीरवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# छात्रों ने धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



सोनू गहलोत

नरवाना (जगमार्ग न्यूज)। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में हर वर्ष उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इस वर्ष भी मातृ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सदनानुसार कलाम सदन ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और जैस्मिन और मीनाक्षी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान, चेयरमैन प्रवीण ने सरस्वती माँ की वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नृत्य और लघु नाटिका के माध्यम से माँ के प्रति सनेह और त्याग को दर्शाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने समूह-गान, समूह-नृत्य अन्य आकर्षक कार्यक्रमों के जरिए समारोह में चार चाँद लगा दिए। इसमें पहले से दूसरी कक्षा तक कविता गायन प्रतियोगिता की आयोजित गई। फर्स्ट ग्रुप में नर्सरी, केजी कक्षा शामिल कर गई और सेकंड ग्रुप में फर्स्ट और सेकंड कक्षा शामिल की गई। इस प्रतियोगिता में फर्स्ट ग्रुप में टैगोर हाउस ने विजय प्राप्त की और कलाम हाउस दूसरे स्थान पर रहा। इसी कड़ी में दूसरे ग्रुप में कलाम हाउस ने विजय प्राप्त की और टैगोर हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं कक्षा की छात्रा निर्मला, नौवीं कक्षा की छात्रा शिखा और नौवीं कक्षा के छात्र योगेश ने भाषण देकर सबको भावविभोर कर दिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कलाम हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान, चेयरमैन प्रवीण ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# इंसानियत को आगे रखकर कर्म करने वाले, लोगो के लिए प्रेरक : गौरव कुमार

जगमार्ग न्यूज

- 19वीं बार रक्त दान करके सीईओ ने अन्य को दिखाया प्रेरणा का रास्ता
- रक्तदान शिविर में 80 से ज्यादा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने किया रक्तदान
- रक्तदान करने वालों प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

पानीपत। मानवता की सेवा के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। जो व्यक्ति इंसानियत को आगे रखकर अपना कर्म करते है सही मायने में वे ही समाज के लिए प्रेरणा बनते है। ऐसे व्यक्तियों को समाज एक प्रेरक के रूप में याद रखता है। हमें समाज सेवा के कार्यों मे किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

रक्त दान के कार्यो में बगैर किसी भय व संकोच के रक्त दान करना चाहिए। यह बात जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने जिला सचिवालय के बाहर पार्किंग स्थल पर मां धन्नो देवी ट्रस्ट की ओर से आयोजित किये गए रक्त दान शिविर में रक्त दान करते हुए कही।

उन्होंने इस अवसर पर रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि रक्त दान स्वस्थ के लिए उत्तम दान है। हमें साल में कम से कम 3 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। जिनका एचबी 11 व 12 है वे 3 से ज्यादा बार भी रक्त दान कर सकते है।

उन्होंने 19वीं बार रक्त दान किया व आम नागरिक को एक संदेश दिया कि उनके द्वारा किया गया रक्त दान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में रक्त दान को लेकर जो भ्रांतियां है उन पर आज के युवा अंकुश लगा कर यह साबित कर रहे है कि रक्त दान करने से किसी तरह का जोखम नहीं होता व जो लोग रक्तदान करते है वे बहुत सी बीमारियों से अपने आप को बचा लेते है।

उन्होंने रक्तदान के फायदो पर भी प्रकाश डाला व ज्यादा से ज्यादा लोगो को रक्त दान के लिए प्रेरित किया। जिला सचिवालय के पार्किंग स्थल में मोबाइल ब्लड वैन में आयोजित किये गए शिविर में रैडक्रास सोसायटी का भी सहयोग रहा। शिविर की शुरूआत सवेरे 10 बजे जिला परिषद सीईओ ने की। इस रक्त दान शिविर में 80 के करीब नागरिकों ने रक्तदान किया।

ज्यादा रक्त दान करने वालों में जिला परिषद कार्यालय, पुलिस विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग रहा। इस मौके पर मनरेगा के रणसिंह वर्मा, दीपक के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### इंसानियत जिंदा है थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



नरवाना (जगमार्ग न्यूज)। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की रेड क्रॉस सेल द्वारा इंसानियत अभी जिंदा है थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। एक इंसान को दूसरे इंसान के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए जिससे पूरे विश्व में मानव सदभावना का प्रचार हो सके। इस कार्यक्रम की संयोजिका डा. अनीता छाबड़ा ने बताया कि आज विश्व में मानवता के प्रति कार्य करने में रेड क्रॉस संस्था सबसे आगे है। यह संस्था बिना किसी धर्म, जाति, भेदभाव के सभी के लिए कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। इस प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका डा. नयनदीप ने निभाई। इस प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा मायावती प्रथम स्थान पर, मनीषा द्वितीय स्थान पर, बीएससी द्वितीय वर्ष की अंशिका तृतीय स्थान पर रही। बीकॉम द्वितीय वर्ष की मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपने राष्ट्र और समाज के लिए अग्रणी रहना चाहिए। मनुष्य को अपने कर्तव्यों का निर्वहन बहुत ही इमानदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर मूर्ति जागलान, ममता, सुदेश बनवाला मौजूद रही। इस कार्यक्रम पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उप प्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल व कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सिंगला ने समस्त महाविद्यालय परिवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस की बधाई दी।

### भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली आज



नरवाना (जगमार्ग न्यूज)। वीरवार को शहर के हुडडा कॉम्पलैक्स स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नरवाना की एक बैठक हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद सुभाष बराला उपस्थित रहे। सुभाष बराला ने बताया कि 10 मई को भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले एक बाईक रैली नरवाना में निकाली जाएगी। इस रैली में हजारों की संख्या में युवा भाजपा कार्यकर्ता शहर में बाईक रैली में हिस्सा लेंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की डयूटियाँ लगाई गई।

### सामान्य आब्जर्वर ने मतगणना केन्द्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



पानीपत (जगमार्ग न्यूज)। करनाल लोकसभा के सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन ने वीरवार को आर्य कॉलेज के परिसर में बनाए गए मतगणना केन्द्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश, पुलिस पर्यवेक्षक कुसम पुनिया भी उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सामान्य आब्जर्वर को चारों विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों में बनाए गए स्ट्रांग रूम की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एडीसी एवं पानीपत शहरी विधानसभा के एआरओ डॉ. पंकज यादव, एसडीएम पानीपत एवं ग्रामीण विधानसभा के एआरओ मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना एवं एआरओ इसराना विधानसभा ज्योत मित्तल, एसडीएम समालखा एवं समालखा विधानसभा के एआरओ अमित कुमार भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिला सचिवालय में सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन की उपस्थिति में पोलिंग पार्टियों का विधानसभा वाईज रैंडामाईजेशन भी किया गया।

### आर्य कॉलेज की अंशी मान को कुवि में मिला पहला स्थान



पानीपत (जगमार्ग न्यूज)। वीरवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किए जिसमें आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। केयूके की मेरिट सूची में स्थान पाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण्जगदीश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को कॉलेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर कर स्वागत किया व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कीए और साथ ही अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोण्सतबीर सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर प्रत्येक क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व स्टॉफ सदस्यों की मेहनत रंग ला रही है जिसकी बदौलत हमारे विद्यार्थी देश-प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित बी ए इकोनॉमिक्स ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में आर्य कॉलेज की छात्रा अंशी मान ने 324 अंक लेकर पहला स्थान, कुशाग्रा ने 320 अंकों के साथ दूसरा, तान्या ने 308 अंकों के साथ पांचवां, दिव्यांशी सिंह ने 400 अंकों के सातवां, अरुणिमा पाल ने 293 अंकों के साथ मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं श्वेता कुमारी व छात्र चांद ने भी मेरिट सूची में स्थान बनाया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफसदस्यों सहित अन्य मौजूद रहे।

### एसडी विद्या मंदिर हुडा में मनाया गया मदर्स डे

पानीपत (जगमार्ग न्यूज)। माताओं के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त करने के लिए एस डी विद्या मंदिर हुडा में मॉम एंड मी गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें लाल ड्रेस में सजे हुए कक्षा प्री नर्सरी से केजी के नन्हे-नन्हे बच्चों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में आइसक्रीम स्टिक की सहायता से फोटो फ्रेम बनाए और उसमें अपनी मम्मी और अपनी फोटो लगाई। साथ ही नृत्य, गायन, कविता आदि प्रस्तुत कर अपनी माँ के प्रति प्रेम व्यक्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माँ के लिए क्राउन भी बनाए। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने मॉम एंड मी विषय पर स्केचिंग कर अपनी माता के निःस्वार्थ प्रेम और त्याग के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद किया विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अनु गुप्ता ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी और सभी बच्चों को अपने माता.पिता का आदर करने की प्रेरणा दी।

### दुकानदारों की मदद करने की योजना बनाएं मार्केट एसोसिएशन के सदस्यः राजीव जैन

सोनीपत (जगमार्ग न्यूज)। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने व्यापारियों से अपील की है कि शहर की किसी भी मार्केट में आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मार्केट एसोसिएशन के सदस्य थोड़ा -थोड़ा धन एकत्रित कर पीड़ित की सहायता करने की योजना बनायें। कच्चे क्वार्टर मार्केट में चार दिन पूर्व बिजली के शार्ट सर्किट से हसीजा रेडीमेड शो रूम में आग लग गई थी और सारे कपडे जलकर नष्ट हो गए थे। भाजपा नेता राजीव जैन ने मार्केट एसोसिएशन के प्रधानों के आग्रह पर दुकानदार को एक लाख रूपये की आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया था। बृहस्पतिवार को राजीव जैन ने पीड़ित दुकानदार को मदद के तौर पर एक लाख रूपये और भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वलेचा ने इक्कीस हजार रूपये की राशि भेंट की। भाजपा नेताओं ने चुनावी आचार संहिता हटने के बाद सरकार से भी मदद करवाने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने दुकानदारों से कहा कि प्रदेश सरकार ने जीएसटी रजिस्टर्ड व्यापारियों के लिए पांच लाख रुपये दुर्घटना बीमा तथा पच्चीस लाख रुपये तक का स्टॉक का मुफ्त बीमा करने की सुविधा प्रदान कर रखी है, इसके लिए मात्र पचास रुपये का शुल्क जमा करवाकर व्यापारी कल्याण बोर्ड में सदस्यता लेनी है। दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि वह सरकार की सुविधाओं के प्रति भी अपने साथी दुकानदारों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर राकेश चोपड़ा, बिट्टू जैन, यशपाल अरोड़ा, जवाहर चांदना, पूर्व पार्षद अशोक अरोड़ा, वासुदेव् सुखीजा, नरेश छाबड़ा, मोहित परुथी, धर्मेंद्र काला, धर्मपाल जुनेजा, राधेश्याम नासा, विजय चुघ, प्रेम, साहिल आदि दुकानदार उपस्थित रहे।

## मतलौडा में शिक्षकों के लिए चल रहे प्रशिक्षण के अंतिम चरण का समापन

मतलौडा (जगमार्ग न्यूज)। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मतलौडा में शिक्षकों के लिए चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम चरण का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन प्राचार्य संदीप ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्र के सर्वांगीण विकास में अभिभावक और अध्यापक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। अध्यापकों को चाहिए कि वो अभिभावकों को प्रेरित करें कि वो बच्चों के लिए उचित वातावरण घर पर बनाएं। जो प्रशिक्षण में गतिविधियों, पाठ योजना,



एकेडमिक प्लान, भाषा शिक्षण यहां सीखा है उसका प्रयोग कक्षा में अपने शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए करें। जिला निपुण संयोजक अनिल मलिक ने बताया की मतलौडा ब्लॉक के सभी प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण ले चुके हैं। उन्होंने अध्यापकों को स्कूलों में नामांकन बढ़ाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर शिक्षक हितेंदर व सपना ने कहा कि निसंदेह यह प्रशिक्षण हम सब के कौशल में वृद्धि करने में सहायक रहा है और हम अपने-अपने विद्यालय में जाकर इसको हर बच्चे तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिससे बच्चा खेल- खेल में बिना किसी मानसिक दबाव के ज्यादा सीख सकेगा और उसका दैनिक जीवन में प्रयोग करने में भी सक्षम होगा। कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केआरपी जगदीश मोर, पवन जांगड़ा, मीमांसा, अंजू बंसल,आशु चौहान, कार्यक्रम सयोंजक शक्तिधर शर्मा,खंड निपुण संयोजक सोनू कुमारी,एबीआरसी जोगिंदर राठी,कुलदीप आदि मौजूद रहे।

**बैठक**

## लोकसभा चुनाव को लेकर आब्जर्वर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# चुनाव को लेकर किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की शिकायत मिली तो होगी सख्त कार्यवाई

जगमार्ग न्यूज

पानीपत। करनाल लोकसभा के सामान्य आब्जर्वर ई. रविन्द्रन ने वीरवार को जिला सचिवालय में पानीपत जिला की चारों विधानसभा के एआरओ व अन्य नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश, पुलिस पर्यवेक्षक कुसुम पुनिया, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पूर्ण करवाना सभी अधिकारियों का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। अगर लोकसभा चुनाव को लेकर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध कोई शिकायत मिली तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को संपन्न करवाने में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नही की जाएगी। सभी अधिकारी समय रहते अपनी चुनाव की तैयारियों को पूरा कर लें। सभी एआरओ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों निगाहें पैनी रखें और बनाई गई टीमें आपस में तालमेल रखें।

सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन ने कहा कि सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ काम करना होगा। अगर की गई शिकायत सही पाई गई तो चुनाव आयोग की शिकायतों के अनुसार सख्त कारवाई अमल में लाई



जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी पूरी लगन और निष्पक्षता के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करें। उन्होंने बैठक में एक-एक कर सभी नोडल अधिकारियों से किए गए कार्यो की फीडबैक ली। बैठक में खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश ने कहा कि सभी राजनैतिक दल व प्रत्याशियों के खर्चो का पूरा हिसाब-किताब रखा जाए। खर्चो के लिए गठित टीमें पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेंगी और शेडो रजिस्टर में इसकी एन्ट्री भी करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस पर्यवेक्षक कुसम पुनिया ने कहा कि नाकाबंदी और पेट्रोलियम पार्टी पूरी मुस्तेदी के साथ वाहनों पर नजर रखें और लगातार चैकिंग भी करें। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने में किसी तरह की लापरवाही सहन नही होगी और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में शातिंपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बैठक में उपस्थित सभी पर्यवेक्षकों को आश्वस्त किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों की पूर्णत पालना की जाएगी। एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज यादव ने कहा कि जिला में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाए रहा है और लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर एसडीएम पानीपत एवं ग्रामीण विधानसभा के एआरओ मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना एवं एआरओ इसराना विधानसभा ज्योत मित्तल, एसडीएम समालखा एवं समालखा विधानसभा के एआरओ अमित कुमार मौजूद रहे।